







# निर्माणाधीन मंदिर की छत गिरी, 3 बच्चियों की मौत, 7 घायल

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 9 फरवरी।** जौरा क्षेत्र के अहरोली गांव में निर्माणाधीन माता मंदिर की छत टूटकर गिर गई। पटिया के नीचे दबने से तीन मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आठ बच्चियों सहित दंपति जख्मी हो गए। सभी घायलों को कैलारस स्वास्थ्य केंद्र लाया गयाए जहां गंभीर रूप से जख्मी दंपति सहित छह को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। घटना सोमवार दोपहर 2 से 2.30 बजे के बीच की है।

**जौरा क्षेत्र के अहरौली गांव में सोमवार की दोपहर हुआ हादसा**



जानकारी के अनुसार अहरोली गांव में प्राचीन माता का मंदिर है, जिसके जीर्णोद्वार का काम चल रहा था। मंदिर में गुंबद का निर्माण कार्य जारी था। सोमवार को सतीश गौड़ 48 पुत्र केशव गौड़ निवासी अहरोली हाल निवासी मुंगावली पत्नी गुड्डी (42) एवं बच्ची मानसी (15) के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। तभी गांव की आठ से दस बच्चियां भी वहां प्रसाद लेने आ गईं। इसी दौरान मंदिर की पटिया भरभराकर ढह गई।

इस अचानक हुए इस हादसे में वैष्णवी 11 पुत्री जीतू सिकरवार, छाया 7 व करिश्मा 09 पुत्री अशोक गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई। मंदिर में हादसे की खबर लगते ही आसपास के ग्रामीणजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने मलबे के नीचे दबे बच्चियों सहित घायल दंपत्ति को कैलारस स्वास्थ्य केंद्र भेजा, यहां से इलाज के दौरान पांच लोगों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

**हादसे में यह बच्चियां हुई जख्मीं**

- छाया 11 पुत्री जीतू सिकरवार
- गुंजन 12 पुत्री योगेंद्र गिरि
- परी 8 पुत्री योगेंद्र गिरि
- विद्या 6 पुत्री योगेंद्र गिरी
- प्रांसी 7 पुत्री कल्ला गोस्वामी
- सतीश 48 पुत्र केशव गौड़
- गुड्डी 42 पत्नी सतीश गौड़
- मानसी 15 पुत्री सतीश गौड़

# बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश जांगिड़ की अध्यक्षता में बाल श्रम जिला टास्क फोर्स एवं बंधक श्रम जिला सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में किया गया। बैठक में बंधक श्रम उन्मूलन अधिनियम, 1976 के अंतर्गत जिले में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई तथा विमुक्त श्रमिकों के पुनर्वास की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने बाल श्रम एवं बंधक श्रम के प्रभावी उन्मूलन हेतु संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही बाल श्रम की रोकथाम एवं जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम एवं बंधक श्रम का उन्मूलन प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि बंधक श्रम एवं बाल श्रम के उन्मूलन के लिए कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा विमुक्त श्रमिकों के पुनर्वास से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें। बैठक में अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, प्रभारी सहायक श्रमायुक्त सुश्री नम्रता सोनी, श्रम निरीक्षक मुरैना राहुल शुक्ला, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूनम डंडौतिया, विशेष किशोर पुलिस इकाई से जय सिंह राजपूत सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### बोर्ड परीक्षाएं आज से, कलेक्टर बोले चुनाव की भांति हो संचालन

**मुरैना, 9 फरवरी।** मंडल बोर्ड परीक्षाओं के निष्पक्षए पारदर्शीए शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने संबंधित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीएल बैठक के दौरान दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा संचालन कार्य को निर्वाचन प्रक्रिया के समान संवेदनशील, गंभीर एवं उत्तरदायित्वपूर्ण मानते हुए संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा तथा इस संबंध में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, समस्त एसडीएमए जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया, डिप्टी कलेक्टर सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर में निकली कलश यात्रा

**सबलगढ़।** सबलगढ़ जनपद पंचायत के प्रांगण में बाल स्वरूप हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा पर आज नगर में कलश यात्रा निकाली गई जो मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर से शुरू होकर जनपद पंचायत प्रांगड़ में जाकर संपन्न हुई कलश यात्रा में क्षेत्रीय विधायक सरला बृजेंद्र रावत द्वारा भी भाग लिया गया विधायक सरला रावत द्वारा स्वयं अपने सिर पर कलश लेकर आगे आगे चल रही थी जनपद पंचायत प्रांगड़ में बहुत ही पुराना प्राचीन बाल स्वरूप हनुमान मंदिर था जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सरपंच सचिव ओर आम जनता के सहयोग से हनुमान मंदिर का भव्य पुन: निर्माण कराया गया है जिसमें बाल स्वरूप हनुमान जी की मूर्ति की पुन: प्राण प्रतिष्ठा दिनांक 11 फरवरी को आचार्य मोंटू गुरु जी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी 12 फरवरी को भंडारा कराया जायेगा कलश यात्रा में सी ई ई ललित चौधरी रमेश यादव जय किशन बालोठिया मनोज गुप्ता भंवर रावत सरपंच सचिव ब महिलाएं पुरुष उपस्थिति रहे



### नगरा घाट पर डंप 950 ट्रॉली रेत को जेसीबी मशीन से नष्ट कराया

**मुरैना।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर, सघन एवं प्रभावी संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसमें गेमरेंज अंबाह के नगरा घाट एवं पोरसा में 2 जेसीबी से लगभग 950 ट्रॉली डम्प रेत को मिट्टी में मिलाकर नष्ट किया। कार्यवाई में गेमरेंज अंबाहए एसएएफबल एवं नगरा थाना पुलिस स्टाफ शामिल रहा। 9 फरवरी को वन विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही करते हुए लगभग 950 ट्रॉली अवैध चंबल रेत का विनिष्टिकरण किया गया। विनिष्टिकृत रेत का अनुमानित मूल्य 19 लाख रुपये बताया गया है। कार्यवाही के दौरान वन विभाग, पुलिस, एसएएफ बल, नगरा पुलिस फोर्स, राष्ट्रीय चंबल, खनिज विभाग के कर्मचारी सहित संबंधित राजस्व अमला उपस्थित रहा।

### प्रशासनिक कार्यों में गति व गुणवत्ता लाएं : कलेक्टर

**मुरैना।** कोई भी पात्र व्यक्ति निर्वाचन सूची से वंचित न हो, यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचक नामावली का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जाए। अपार आईडी निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर दो समय मिड-डे मील उपलब्ध करवाया जाए। खसरा नकल की भौतिक प्रतियां उपलब्ध कराकर राजस्व अधिकारियों द्वारा सैचुरेशन स्तर तक कार्य पूर्ण कराया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी आवेदन लंबित न रहे। टीएल पत्रकों पर विशेष ध्यान देते हुए समयसीमा में निराकरण किया जाए। आधार अद्यतन कार्य शिविरों के माध्यम से निरंतर जारी रखा जाए। यह निर्देश कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागारए मुरैना में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, समस्त एसडीएमए डिप्टी कलेक्टर सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। टीएल पत्रकों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के समयसीमा में निराकरण पर विशेष जोर दिया।









# सिय-पिय मिलन : महाप्रसादी ग्रहण करने पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 फरवरी।** अंचल के प्रसिद्ध सिद्धस्थल करह आश्रम पर सात दिवसीय सिय-पिय मिलन समारोह का सोमवार को महाभंडारे के साथ समापन हो गया। महाभंडारे में 400 क्विंटल आटा, 200 क्विंटल गुड़ और एक हजार टीन घी से बने मालपुआ और 500 क्विंटल दूध, 75-75 क्विंटल शक्कर और चावल से बनी खीर की महाप्रसादी लाखों श्रद्धालुओं ने गृहण की।

**दो सैकड़ा हलवाईयों ने 400 क्विंटल आटा, 500 क्विंटल दूध से बनाई महाप्रसादी**

संत रामरतन दास महाराज की 68वीं बरसी पर हुए सिय-पिय मिलन समारोह के समापन पर महाभंडारा सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। मंदिर परिसर में ही स्थित विशाल प्रांगण में एक बार में 7 से 10 हजार की पंगत में बैठकर श्रद्धालुओं ने प्रसादी गृहण की। पहले चरण में साधु-संत बैठे इसके बाद सामान्य श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण शुरू हुआ।

**12 घंटे में 200 हलवाईयों ने तैयार की लाखों लोगों की महाप्रसादी :** करह आश्रम पर महाभंडारे की प्रसादी तैयार करने के लिए 200 हलवाई लगाए गए थे, जिन्होंने 12 घंटे अनवरत मेहनत कर महाप्रसादी तैयार की।



**विस अध्यक्ष सहित कई व्हीआईपी दर्शन करने पहुंचे**

करह आश्रम पर सिय-पिय मिलन समारोह के महाभंडारे में शामिल होने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी दोपहर 2 बजे पहुंचे। उन्होंने करह आश्रम की महंत किशनदासी बाई और दीनबंधु महाराज के दर्शन कर संत रामरतनदास महाराज की पटिया की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया।

# महाशिवरात्रि पर सोरौंजी से अंबाह पहुंचेगी महाकाल स्वरूप कांवड़





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 9 फरवरी।** महाशिवरात्रि पर अंबाह नगर इस वर्ष आस्था, भक्ति और भव्यता के ऐतिहासिक साक्षी बनने जा रहा है। बाबा भोलेनाथ के महाकाल स्वरूप में निर्मित विशाल कांवड़ उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के सोरौंजी घाट से उठकर करीब 200 किमी की पदयात्रा करते हुए अंबाह पहुंचेगी। कांवड़ के नगर आगमन के साथ ही वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठेगा और पीएचई परिसर स्थित संकटमोचन मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन विधिवत महाअभिषेक किया जाएगाए।

यह भव्य कांवड़ यात्रा ब्रह्मलीन गृहस्थ संत पं. देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के आशीर्वाद एवं संकल्प से जुड़ी शिवभक्ति परंपरा का विस्तार है, जिसे उनके अनुयायी एवं भक्त मंडल द्वारा साकार किया जा रहा है। कावड़ यात्रा का आयोजन गृहस्थ संत डॉ. अनिल त्रिपाठी की प्रेरणा से किया जा रहा हैं।

**200 किमी की कठिन पदयात्रा, 38 घंटे में तय होगा सफर :** सोरौंजी घाट पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद 13 फरवरी की रात्रि में कांवड़ यात्रा प्रारंभ होगी। लगभग दो दर्जन शिवभक्त युवा कंधों पर कांवड़ उठाकर लगातार 38 घंटे की यात्रा पूरी करते हुए 14 फरवरी की शाम अंबाह पहुंचेंगे। इसके बाद 15 फरवरी महाशिवरात्रि की सुबह पीएचई परिसर स्थित संकटमोचन मंदिर में बाबा भोलेनाथ का गंगाजल से महाअभिषेक किया जाएगा।

**दद्दा एसटीएफ व भक्त मंडल कर रहे आयोजन**

इस भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां दद्दा एसटीएफ एवं समस्त भक्त मंडल अंबाह द्वारा की जा रही हैं। यात्रा की रूपरेखा, मार्ग व्यवस्था, अनुशासन एवं सेवाओं को लेकर एसआरएम गार्डन, अंबाह में श्रद्धालुओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए।

**जानिए क्या है महाकाल स्वरूप कांवड़ की विशेषताएं**

- कांवड़ का निर्माण बाबा महाकाल के सजीव स्वरूप में।
- अनुमानित वजन 80 किलो से अधिक।
- यात्रा में अनुशासन और सुरक्षा के विशेष इंतजाम।

## प्रेक्षकीय कार्यों के लिए 4 परीक्षा केन्द्रों पर प्रेक्षक नियुक्त

**मुरैना, 9 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडलए मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी प्रमाणपत्र परीक्षाएं 10 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के अंतर्गत मुरैना जिले में कुल 55 संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के लिए पूर्व में प्रेक्षक नियुक्त किए गए थे, जिनमें आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा चार परीक्षा केन्द्रों पर प्रेक्षकीय कार्य संपादन हेतु प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसके अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 मुरैना के लिए जल संसाधन संभाग मुरैना के उपयंत्री एसके टुण्डेलकर, शासकीय हाईस्कूल मुरैनागांव के लिए जल संसाधन संभाग मुरैना के उपयंत्री देवेन्द्र कुमार गौड़, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरैना के लिए जल संसाधन संभाग मुरैना के उपयंत्री संदीप पचौरी तथा अशासकीय तक्षशिला हाईस्कूल सबलगढ़ के लिए जनपद पंचायत सबलगढ़ के उपयंत्री बृजेश भदौरिया को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# मूल स्वरूप में ही दिखेगा त्रेतायुगीन शनिदेव मंदिर : तोमर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 फरवरी।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सोमवार को शनि मंदिर परिसर स्थित तहसील कक्ष में शनि मंदिर में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की।

**विभिन्न बिंदुओं पर की विस्तार से चर्चा**



इस अवसर पर उन्होंने कंसलटेंसी संस्था एवं निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान शनि मंदिर के मास्टर प्लान, मंदिर के मूल स्वरूप के संरक्षण, परिक्रमा मार्ग, वृक्षारोपण (प्लांटेशन), प्रवेश द्वार एवं निर्गम द्वार, आसपास के जिलों से आने वाले संपर्क मार्गों, शनि कुंड तथा परिक्रमा पथ से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शनि मंदिर का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य मंदिर की पारंपरिक पहचान और मूल स्वरूप को अक्षुण्ण रखते हुए किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा यह स्थल अपने ऐतिहासिक और धार्मिक स्वरूप में ही दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता, समयबद्धता एवं धार्मिक भावनाओं का पूर्ण सम्मान रखते हुए संपन्न किए जाएं तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, समाजसेवी कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, दिल्ली स्थित कंसलटेंसी संस्था से श्रीमती तपस्या द्रोणा सहित निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में 65 केन्द्रों पर होगा एमएसपी पर गेंहू उपार्जन का पंजीयन

**मुरैना, 9 फरवरी।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा हितों के संरक्षण के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया के अंतर्गत मुरैना जिले में 63 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा जिले में इन पंजीयन केंद्रों की स्थापना की गई है। इन पंजीयन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन कार्य 7 फरवरी से 7 मार्च तक किया जाएगा। इस अवधि में किसानों का नि:शुल्क पंजीयन किया जाएगा। जिले में तहसीलवार पंजीयन केंद्र इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं।

**अंबाह:-** सेवा सहकारी समितियां बिरहरूआ, सिकरौड़ी, रिठौरा, गोठ, खड़ियाहार, दिमनी, बरवाई, उसैदपुरा, कसमढ़ा, लल्लूबसई एवं विपणन सहकारी समिति अंबाह। **पोरसा:-** सेवा सहकारी समिति रजौधा, कुरैठा, भौनपुरा, अर्रोन, सेंथरा अहीर, सांगोली तथा विपणन सहकारी समिति पोरसा
**मुरैना:-** सेवा सहकारी समिति जींगनी, अजनौधा, मृगपुरा, दीखतपुरा, जैतपुर नूराबाद, धनेला, जारह, पिपरसेवा, रिठौराकलां, पढ़ावली, दत्तहरा, बड़ागांव नावली, बिचौला, पिड़ावली, शिवलालपुरा, जरेरुआ तथा विपणन सहकारी समिति मुरैना
**जौरा:-** सेवा सहकारी समिति मुन्द्रावजा, भैंसरोली, पहाड़गढ़, खाण्डोली, खनेता, परसौटा, निटहरा, जौरा, मैनाबसई, चैना, पचौखरा, सुजानगढ़ी, उत्तमपुरा, रजौधा, सुमावली, गलेथा, धमकन, इटावली एवं विपणन सहकारी समिति जौरा। **कैलारस:-** सेवा सहकारी समिति कैलारस, तिलोंजरी, सुजरमा, मामचोन एवं विपणन सहकारी समिति कैलारस। **सबलगढ़:-** सेवा सहकारी समिति टेंटरा, रामपुरकलां, कुल्हौली एवं जाबरौल में किसानों का पंजीयन किया जाएगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भारती शर्मा पत्नी श्री सोनू शर्मा, जन्म दिनांक-22.09.1993 निवासी ग्राम गढ़ी गूंझ, ग्राम पंचायत गूंझ, तहसील अंबाह, जिला मुरैना म.प्र की निवासी होकर शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूं कि मेरे वोटर आईडी क्रमांक-वाईईबी-1765882 में मेरा नाम आरती शर्मा पत्नी सोनू शर्मा अंकित है, जो गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड नं. 2934 1762 7660 एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा सही व वास्तविक नाम भारती शर्मा पत्नी सोनू शर्मा दर्ज है। यह कि भारती शर्मा और आरती शर्मा दोनों ही मेरे नाम है, इन दोनों नामों से ही मुझे जाना, समझा और पुकारा जाता है। यह कि मेरे वोटर कार्ड में मेरे गलत नाम आरती शर्मा के स्थान पर सही व वास्तविक नाम भारती शर्मा पत्नी सोनू शर्मा दर्ज किया जावे।

**सूचनाकर्ता**
**भारती शर्मा पत्नी श्री सोनू शर्मा, निवासी ग्राम गढ़ी गूंझ, ग्राम पंचायत गूंझ, तहसील अंबाह, जिला मुरैना म.प्र.**